# इरेडा ने “आजादी का अमृत महोत्सव” मनाया



भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने 13 अगस्त 2021 को 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मनाने की शुरुआत की। भारत के स्वतंत्रता समारोह के 75 साल के हिस्से के रूप में, इरेडा के कर्मचारियों ने भारत का राष्ट्रीय गान देशभक्ति पूर्वक बड़े जोश और उत्साह के साथ  गया।

'अमृत महोत्सव' भारत के लोगों को समर्पित भारत सरकार की एक पहल है, जिन्होंने न केवल भारत को उसकी विकासवादी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, बल्कि उनके भीतर प्रधान मंत्री मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत की भावना से प्रेरित होकर भारत 2.0 को सक्रिय रूप से साकार करने की शक्ति और क्षमता भी है। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक पहचान के बारे में प्रगतिशील है।

इस समारोह का आरंभ करते हुए, इरेडा ने 13 अगस्त 2021 को देशभक्ति विषय पर आधारित विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों जैसे लघु फिल्म का प्रदर्शन ; प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और अंताक्षरी  का आयोजन किया जिसमें इरेडा कर्मियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।  प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इरेडा कार्यालय (कार्यालयों) में स्वतंत्रता दिवस की सजावट रमणीय तिरंगे को ध्यान में रखते हुए की गई थी । 15 अगस्त को भारत की आजादी के 75 साल के प्रगति के बारे में इरेडा कॉर्पोरेट कार्यालय भवन को भी तिरंगी लाइटों से रोशन किया गया था।

इस अवसर पर बोलते हुए, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं  प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास  ने  कहा, “ भारत की  आजादी से लेकर आज तक हमारे पूर्वजों ने न केवल स्वतंत्रता के लिए ,बल्कि देश के समग्र विकास के लिए भी बहुत योगदान देने के लिए पूर्वजों का आभार व्यक्त किया। आज हम जो कुछ भी हैं, अपने पूर्ववर्तियों लोगों की कड़ी मेहनत और बलिदान के कारण हैं। हमारे पूर्वजों और पूर्ववर्तियों के बलिदान से नागरिकों को आनेवाले वर्ष 2047 में नये भारत की कल्पना करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, जब भारत, आजादी के 100 साल पूरे करेगा।“

अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए एमएनआरई के तहत एक समर्पित एनबीएफसी के रूप में इरेडा की स्थापना वर्ष 1987 में की गई थी। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता के रूप में इरेडा पिछले 34 वर्षों से अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है और समय-समय पर बाजार की आवश्यकता

को पूरा करने के लिए विभिन्न  नवीन वित्तीय योजनाएं/समाधान विकसित कर रहा है। भारत ने निर्धारित समय के भीतर 100 गीगावाट, अक्षय ऊर्जा लक्ष्य की स्थापना की एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जिसमें से इरेडा ने कुल स्थापित क्षमता के 18% (लगभग) का बाजार हिस्सेदारी का सपोर्ट किया है। इसके अलावा, वर्ष 2030 तक 450 गीगावाट अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए  भारत सरकार के लक्ष्य  के अनुरूप, कंपनी वित्तीय वर्ष 2026 तक एनबीएफसी द्वारा अक्षय ऊर्जा सेक्टर को ऋण वित्तीयन (डेट फंडिंग) के 40% से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य बना रही है।

श्री दास ने सभी इरेडा कर्मियों से  इरेडा और राष्ट्र के लाभ के लिए जिम्मेदारी से काम करने और एक टीम के रूप में कड़ी मेहनत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने आत्मानिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की हैं। एमएनआरई की एक नोडल एजेंसी के रूप में इरेडा, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे 2,000 मेगावाट सीपीएसयू फेज - II सौर परियोजना योजना और सौर विनिर्माण क्षेत्र के लिए 4,500 करोड़ रुपए की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर रही है।

श्री दास ने यह भी रेखांकित किया कि इरेडा ने तीन ऋण आवेदनों के लिए  उधारकर्ताओं के इरेडा के कार्यालय (कार्यालयों) में व्यक्तिगत रूप से आए बिना मंजूरी दी, जोकि  डिजिटल स्वतंत्रता और सुशासन के माध्यम से व्यवसाय करने में आसानी का प्रतीक है। इसके अलावा, इरेडा ने ऋण प्रक्रिया में डिजिटलीकरण और पारदर्शिता में उत्कृष्ट प्रगति की है, जिससे वह अपने ग्राहकों को किसी भी प्रकार के बाधा और समस्याओं से छुटकारा प्रदान करता है।

श्री दास ने आगे कहा, “आज़ादी सभी प्रकार की निर्भरता से मुक्ति है। यदि आप फिट और स्वस्थ हैं तो आप स्वतंत्र हैं और यदि आप फिट और स्वस्थ नहीं हैं, तो आप स्वतंत्र नहीं हैं और आप दवाओं और अन्य सहायताओं पर निर्भर रहेंगे।" उन्होंने कहा कि इरेडा ने अपने कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस की भावना पैदा करने के लिए बड़ी पहल की है ।

श्री दास ने आगे कहा कि , "स्वतंत्रता दिवस भारत के लिए सबसे शुभ और महत्वपूर्ण उत्सव है। यह सभी भारतीयों द्वारा उनकी जाति, पंथ और धर्म के बावजूद मनाया जाता है"।

इरेडा के सीएमडी ने "आजादी का अमृत महोत्सव" के सफलतापूर्णक  उत्सव मनाने  के लिए कर्मचारियों को बधाई दी और यह भी दोहराया कि इरेडा प्रत्येक राज्य में कम से कम एक शहर के पूर्ण सौरीकरण के माननीय प्रधान मंत्री के विजन  को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और  "वन सन, वन वर्ल्ड एंड वन ग्रिड" योजना में भी भाग लेगा ।

